# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका फरवरी 2026




नगर पालिक निगम भिलाई

# असंगठित छेत्र मे काम करने वाले 1800 श्रमिकों को मिलेगा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ

भिलाईनगर। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष के आयु पश्चात् मासिक पेंशन प्रदान करने के लिए भारत शासन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन की सुविधा प्रदान किया जाएगाद्य प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए दिनांक 2 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक नगर निगम भिलाई क्षेत्र के 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु समूह के असंगठित श्रमिकों का पंजीयन करने अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। असंगठित श्रमिक जैसे– फूटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलु श्रमिक, कचरा बिनने वाले, कृषि श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, मोची, हस्तकरधा, धोबी–चमड़े का काम करने वाले, अंतराजिए श्रमिक ओर इस तरह 125 व्यवसाय मे कार्यरत श्रमिकों जिनकी मासिक आय 15000 से कम हो योजना मे शामिल होंगे। 60 वर्ष पश्चात् प्रत्येक श्रमिक को 3000 रूपये न्यूनतम पेंशन प्रतिमाह देय होगा। हितग्राही की मृत्यु पश्चात् नामिनी को 50 प्रतिशत पेंशन दिया जायेगा। इस योजना का क्रियान्वयन भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से किया जायेगा। प्रत्येक जोन कार्यालय को 360 श्रमिकों का पंजीयन हेतु लक्ष्य दिया गया है। भिलाई शहर के श्रमिक अपनी इच्छा अनुसार इस योजना का लाभ ले सकते हैद्य योजना से सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय के पेंशन विभाग मे संपर्क कर सकते है।

# आयुक्त ने प्रस्तावित एवं नवीन पीएम आवास का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का निर्माण किया जाना है। आवास निर्माण हेतु अतिरिक्त स्थल की आवश्यकता को देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा रिक्त स्थल का अवलोकन किया गया है। निगम आयुक्त ने स्मृति नगर बुद्व कालोनी, सूर्या विहार, हाउसिंग बोर्ड ढ़ाचा भवन सांई मंदिर के पास, कैलाश नगर भगवा चौक एवं प्रगति नगर में पीएम आवास हेतु रिक्त स्थल का अवलोकन किया है। उपस्थित तहसीलदार एवं पटवारी को सीमांकन कार्य जल्द पूर्ण करने कहा गया है। आयुक्त ने सूर्या विहार में निर्माणाधीन पीएम आवास का जायजा लिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाने और कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने निर्देशित किये है, जिससे हितग्राहियों को मकान प्रदाय किया जा सके। प्रगति नगर में पूर्व से खेल मैदान एवं नवीन सड़क निर्माण प्रस्तावित है। नागरिको की समस्याओं को देखते हुए कार्य जल्द प्रारंभ कराने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, उप अभियंता दीपक देवांगन, आदित्य सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# नगर पालिक निगम, भिलाई के जोन–5 में ड्रोन से संपत्तियों का सर्वे शुरू

भिलाईनगर । नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संपत्तियों के सटीक निर्धारण और डेटा अपडेट करने के उद्देश्य से जोन क्रमांक 5 में ड्रोन सर्वे का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे इस सर्वे से क्षेत्र की संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। सर्वे कार्य के शुभारंभ के अवसर पर निगम और सर्वे टीम के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इसमें मुख्य रूप से जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, गणित बघेल, टेकराम हरिन्द्रवार सहित आई.आई.टी (IIT) के सर्वे प्रभारी शैलेश कुमार एवं उनकी तकनीकी टीम शामिल थी। ड्रोन सर्वे के जरिए संपत्तियों के क्षेत्रफल और निर्माण की सटीक जानकारी मिल सकेगी।डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से राजस्व वसूली में पारदर्शिता आएगी और विसंगतियां दूर होंगी। यह डेटा भविष्य में शहरी नियोजन और नागरिक सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निगम प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वे टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करें ताकि यह कार्य समय सीमा के भीतर और शुद्धता के साथ पूर्ण किया जा सके।



# 33 हितग्राहियों को मिला लाटरी से आवास

भिलाईनगर। शासन के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकानहीन परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास आबंटन की लाटरी का आायोजन किया गया। लाटरी कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह आवास नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 33 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया है। भिलाई शहर में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पक्का मकान नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराने की योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत नागरिकों को न्यूनतम दर पर पक्का मकान दिया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन किये है। आवेदक द्वारा जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लेने पश्चात आवास आबंटन की लाटरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज निगम सभागार कक्ष में कुल 33 पात्र हितग्राहियों का लाटरी निकालकर आवास आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी मोहन राव, नूतन साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक, राजस्व वसूली में तेजी लाने और विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के दिए कड़े निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में गुरुवार को निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निगम की आय में वृद्धि के उपायों और शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। राजस्व वसूली पर विशेष जोर देते हुए आयुक्त ने निकाय की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, निर्यात कर और दुकानों के किराए की वसूली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही विज्ञापन होर्डिंग्स, पार्किंग, यूजर चार्ज और भवन भूखंडों से प्राप्त होने वाली आय की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सक्रिय होकर कार्य करने को कहा। अधिकारी एवं कर्मचारी केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में उतरकर कार्यों की निगरानी और वसूली सुनिश्चित करें। कर्मचारियों के वेतन भुगतान और विद्युत देयकों के समय पर निपटान के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है। 15वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद, नालंदा परिसर और नगरोत्थान जैसी शासन की योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और गोधाम योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, ऑनलाइन संपत्तिकर भुगतान की सुविधा और मुक्तिधामों के रखरखाव जैसे विषयों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अतिरिक्त, 'मॉर्निंग विजिट' के माध्यम से शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश भी दिए गए।





नगर पालिक निगम भिलाई

# प्रियदर्शिनी परिसर में खेल और शिक्षा का नया हब, आयुक्त ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम) का सघन दौरा कर वहाँ निर्माणाधीन वृहद खेल परिसर और नालंदा परिसर के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। शहर के युवाओं के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य को प्राथमिकता देते हुए आयुक्त ने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल, हार्स राइडिंग एरिया और सड़क निर्माण के प्रारंभिक कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित 'ले–आउट' के अनुसार किए जाएं ताकि समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके। प्रियदर्शिनी परिसर में बन रहे इस खेल परिसर से शहर के खिलाड़ियों को अपनी रुचि के अनुसार अभ्यास करने और अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए नालंदा परिसर में शांत वातावरण और पृथक कमरों की सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे छात्रों को अपने कौशल के अनुरूप पढ़ाई करने में मदद मिलेगी, जिससे वे राज्य और शहर का नाम रोशन कर सकें। परिसर के भीतर पहुँच मार्ग और सड़कों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।



# महापौर परिषद में जनहितैषी प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में ली गई। बैठक में प्रमुख रूप से बैकहो लोडर क्रय, सर्विस रोड निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रस्ताव को महापौर परिषद के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। 15वें वित्त आयोग के तहत 5 नग बैकहो लोडर क्रय कार्य हेतु मेसर्स जी.के.आटोव्हील प्रा.लि.रायपुर द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर 25 लाख रूपये प्रति नग के अनुसार कुल 1 करोड़ 25 लाख रूपये मात्र की स्वीकृति सर्वसम्मति से की गयी। जोन–3 अंतर्गत जी.ई.रोड के समानांतर चंद्रा मौर्या टाकिज से नगर निगम जोन–3 कार्यालय के सामने से बजाज शोरूम तक सर्विस रोड निर्माण कार्य हेतु महापौर परिषद् की बैठक में चर्चा कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास मिशन, एएचपी घटक अंतर्गत समय पर 90 प्रतिशत राशि जमा करने वाले हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अंशदान गरीबों की सेवा निधि से प्रदान करने विषयक प्रस्तुत किया गया था। किंतु महापौर परिषद् में लिये निर्णय अनुसार इस राशि का उपयोग गरीबो तथा गंदी बस्ती के निवासियों को जलापूर्ति एवं अन्य आवश्यक सेवा प्रदान करने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, जोन आयुक्त येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता शशिकांत वर्मा, आवास योजना प्रभारी विद्याधर देवांगन, देवराज राजपूत, आंगनबाड़ी परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 44 हितग्राहियों को मिला आवास

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी. अंतर्गत आवास आबंटन हेतु लॉटरी का आयोजन निगम सभागार कक्ष में किया गया। इस पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 44 हितग्राहियों को स्थल सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे, आम्रपाली फेस–1 हाउसिंग बोर्ड, ग्रीनवेली एवं कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे निर्मित आवास आबंटित किया गया है। पूर्व में पात्र हितग्राहियों को कुल 1572 मकान आबंटित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी में महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद हरिओम तिवारी, नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता की उपस्थिति रही। पुरी प्रक्रिया पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सार्वजनिक रूप से संपन्न कराया गया। चयनित हितग्राहियों के नाम लाटरी प्रणाली के माध्यम से घोषित किये गये है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उददेश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवास उपलब्ध कराये जा रहे है। आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने शासन एवं निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किये। निगम प्रशासन ने कहा कि भविष्य में भी पात्र आवेदकों को योजना का लाभ दिलाने इसी प्रकार की पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। लॉटरी के दौरान आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी जागेश्वर साहू, मेहत्तर सोनी, भूषण निर्मलकर, मोहन राव, थलेश्वर जोशी, सावित्री सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# जोन–4 के तहत आयुक्त ने किया निरीक्षण, सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विकास और बेहतर व्यवस्था हेतु निरीक्षण किये। उन्होने ने जोन–4 खुर्सीपार अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिसमें नवनिर्मित डामरीकरण रोड, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था प्रमुख बिंदु थे। इस दौरान आयुक्त ने वार्ड 46 मिनी माता नगर के नवनिर्मित डामरीकरण रोड, प्रकाश और जल आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पेयजल का दुरुपयोग होने से बचाये और बर्बाद हो रहे पेयजल के लिए टैब लगाएं। निगम आयुक्त ने शहर वासियों से अपील किए हैं कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जल संरक्षण में निगम का सहयोग करें, व्यर्थ पानी न बहाएं और ना ही बहने दे । इस निरीक्षण के माध्यम से भिलाई नगर निगम ने शहर की साफ–सफाई और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया है, ताकि यहां रहने वाले नागरिकों को आरामदायक और स्वच्छ वातावरण मिले। आयुक्त ने अधिकारियों को सुधार कार्यो की गति बढ़ाने का आदेश दिया गया है, जिससे भविष्य में शहरवासियों को कोई असुविधा ना हो। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वस्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# निगम प्रशासन ने 3 कर्मचारियों को दिया स–सम्मान बिदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मचारियों को स–सम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में आज निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे एवं उपायुक्त डी. के. कोसरिया उपस्थिति में समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड–2 सुरेन्द्र कुमार सोनबोईर, वार्ड प्यून बल्लूराम साहू एवं सफाई कामगार प्रेमिन बाई को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अपर आयुक्त एवं उपायुक्त, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के किये गये कार्यो को याद करते हुए शुभकानाएं दिये और शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त पश्चात परिवारिक दायित्व के निर्वहन में अपना समय देने हेतु आग्रह किये। आयुक्त द्वारा कहा गया कि हमे वरिष्ठों से अनुभव एवं समन्वय बनाते हुए कार्य करना होगा। जिससे कठिन से कठिन कार्यो का निर्वहन भी सरलता से किया जा सके। बिदाई कार्यक्रम में शशिभूषण मोहंती, नवीन कुमार साहू, शालिनी गुरव, देवेन्द्र वर्मा, पुरूषोत्तम साहू, रोहित बंजारे, हेमचंद बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**